(ख) यदि हां, तो क्या उन केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों को अग्रिम वेतन वृद्धि देने के संबंध में नियमों में कोई प्रावधान किया गया था, जो जनवरी, 1986 से पूर्व सेवा में आए थे तथा एक वर्ष से अधिक की अवधि से अपने अधिकतम वेतनमान पर वेतन ले रहे थे, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है,

(ग) यदि एक कर्मचारी 1 मई, 1984 को अपने वेतनमान रु. 775-1200 में अधिकतम वेतनमान 1200 रुपये पर वेतन प्राप्त कर रहा था और उसे जनवरी, 1986 से 3000-4500 का वेतनमान दिया गया तो उसका वेतन 1 जनवरी, 1986 को कितना निर्धारित होना चाहिए था और उसकी आगामी वेतन वृद्धि की तारीख क्या होगी ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम. वी. चन्द्रशेखरमूर्ति) : (क) जी हां।

(ख) नियमों में एक अग्रिम वेतन-वृद्धि देने का प्रावधान किया गया था इसमें यह व्यवस्था है कि "जो व्यक्ति 1 जनवरी, 1986 की स्थिति के अनुसार एक वर्ष से अधिक अवधि से वर्तमान वेतनमान के अधिकतम पर वेतन ले रहे थे, उनके मामले में पुनरीक्षित वेतनमान में अगली वेतन-वृद्धि 1 जनवरी, 1986 से दी जाएगी।"

(ग) 775-1200 रु. के संशोधन-पूर्व वेतनमान के पदों के लिए सामान्य पुनरीक्षित वेतनमान 2000-3500 रु. है न कि 3000-4500 रु. 01 मई, 1984 से 1200 रुपये के वेतन पाने वाले सरकारी अधिकारी का वेतन 2000-60-2300-द.रो.-75-3200-100-3500 रुपये के वेतनमान में 1-1-1986 से 3200 रु. नियत किया जाता है तथा उनकी अगली वेतन-वृद्धि की तारीख 1-1-1987 होती है।

दिल्ली दूरदर्शन केन्द्र में समाचार वाचकों और उद्घोषिकाओं की नियुक्ति में बरती जा रही अनियमितताएं

2630. **श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली दूरदर्शन केन्द्र में समाचार-वाचकों और उद्घोषिकाओं के चयन में बड़े पैमाने पर मिलीभगत और धांधलेबाजी हो रही है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार को अब तक कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं ;

(ग) क्या सरकार ने उनके चयन के लिये कोई विशेषज्ञ समिति गठित की है;

(घ) उक्त समिति में नियुक्त व्यक्तियों के नाम क्या हैं और उनकी संख्या कितनी है ;

(ङ) वर्ष 1991, 1992 और 1993 के दौरान कुल कितनी उद्घोषिकाओं को स्थायी और अस्थायी रूप से नियुक्त किया गया और उनके नाम क्या हैं;

(च) क्या यह सच है कि दूरदर्शन द्वारा अनुबंधित आधार पर नियुक्त उन व्यक्तियों ने दूरदर्शन के नियमों का उल्लंघन कर "जी.टी.वी." के लिये भी कार्य करना आरंभ कर दिया है; यदि हां, तो उनके नाम क्या हैं; और

(छ) इस संबंध में सरकार द्वारा की गयी कार्यवाही का ब्यौरा क्या है ?

@**सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के. पी. सिंह देव)** : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

(ङ) हालांकि वर्ष 1991 में नैमित्तिक समाचार वाचकों के पैनल में कोई नया नाम शामिल नहीं किया गया था तथापि, वर्ष 1992 में हिन्दी और उर्दू समाचार वाचकों के पैनल निम्नलिखित तीन नैमित्तिक महिला समाचार वाचकों के नाम शामिल किए गए थे :—

(1) सुश्री अनुपमा गुप्ता—हिन्दी

(2) सुश्री नमिता खन्ना—हिन्दी

(3) सुश्री तस्लीना जैदी—उर्दू

वर्ष 1993 में भी आज की तारीख तक कोई नया नाम शामिल नहीं किया गया है।

@ पूर्वत अतरांकित प्रश्न सं० 3237, 23 दिसम्बर 1992 से स्थानान्तरित।

(च) सरकार को ऐसे किसी दृष्टांत की जानकारी नहीं है।

(छ) प्रश्न नहीं उठता।

चुनाव भाषणों के प्रसारण में आचार संहिता का उल्लंघन

2631. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कतिपय राजनैतिक दलों ने हाल ही में सम्पन्न चुनावों के सिलसिले में अपने चुनाव भाषणों का आकाशवाणी से प्रसारण करवाने में आचार संहिता का उल्लंघन किया है;

(ख) यदि हां, तो क्या ऐसे कार्यक्रमों को प्रसारण से पहले सरकार द्वारा पूर्ण रूप से सेंसर किया था; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; यदि नहीं तो, उसके क्या कारण हैं?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के. पी. सिंह देव) : (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते।

FM TRANSMITTERS IN THE COUNTRY

2632. SHRI SURESH PACHOURI : Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to refer to answer to Unstarred Question 549 given in the Rajya Sabha on 7th December, 1993 and state :

(a) whether it is a fact that AIR has about 80 FM Transmitters in all major urban areas in the country where FM Stereophonic radio broadcasting is available; and

(b) if so, the extent to which it will be helpful in radio paging service ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO) : (a) No, Sir. AIR has at present only 73 FM transmitters. While all these transmitters are compatible for Stereophonic radio broadcasting, at present only the transmitters at Delhi, Bombay and Madras are providing setereophonic broadcasting.

(b) The existing network of FM transmitters will hasten the introduction of radio paging service in the country.

DAILIES PUBLISHED FROM GUJARAT

2633. SHRI CHIMANBHAI HARIBHAI SHUKLA : Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state :

(a) what is the number of Dailies being published from Gujarat and the languages in which these are being published;

(b) the number of such publishers who have claimed the circulation of more than fifteen thousand copies ;

(c) the number of those Dailies to which news print quota has been sanctioned;

(d) the number of those Dailies in which advertisements are being published regularly by the Directorate of Audio Visual Publicity; and

(e) the details thereof ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO) : (a) 77 dailies are being published from Gujarat, as on 31-12-1992. Out of these, 65 are published in Gujarati, six in English, five in Hindi and one in Sindhi.

(b) 33 dales have claimed circulation of more than 15000 copies per issue, as on 31-12-92.

(c) Newsprint Quota was allotted to 40 dailies.

(d) and (e) 54 Dailies published from Gujarat are on DAVP's approved panel for issue of advertisements, as on 8-12-93. Out of these, 41 are Gujarati dailies, seven Hindi dailies five English dailies five English dailies and one Sindhi daily.